RNI No.: RAJHIN/ 2014 / 65130

# राजस्थान नेत्र ज्योति

वर्ष : 9 अंक : 2 अप्रैल-जून, 2023



आँखें दान करें
आँखें अमर करें

## खूबसूरत आँखों को हर पल-हर दिन नई दुनिया दिखाए...

आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान

EYE BANK SOCIETY OF RAJASTHAN

राजस्थान नेत्र ज्योति
अप्रैल-जून, 2023

# सम्पादकीय



राजस्थान में कॉर्निया की खराबी के कारण दृष्टिबाधित व्यक्तियों के जीवन में रोशनी लाने के काम ने राजस्थान आई बैंक सोसाइटी की सक्रिय भूमिका के कारण अच्छी गति पकड़ ली है। हाल ही बीकानेर, गंगानगर और दौसा में नये चेप्टर्स स्थापित होने से वहां भी कोर्निया संग्रह का कार्य प्रारंभ हो गया हैं। इस प्रकार आई बैंक सोसायटी द्वारा संचालित कुल चैप्टर्स की संख्या अब 13 हो गई है। इधर राज्य सरकार द्वारा राइट टू साइट पॉलिसी को तेजी से धरातल पर उतारने की दिशा में राज्य की अतिरिक्त मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, श्रीमती शुभ्रा सिंह की सक्रियता के अच्छे प्रभावी आने लगे हैं। आई बैंक सोसाइटी के साथ प्रभावी और परिणाम तालमेल होने के फलस्वरूप ही उन्होने निर्देशित किया है कि अगस्त 2023 से जयपुर में केरेटोप्लास्टी (कोर्निया प्रत्यारोपण ) का 3 माह का सर्टिफिकेट कोर्स प्रारंभ किया जाए ताकि प्रदेश के नेत्र चिकित्सक प्रशिक्षित होकर अलग-अलग मेडिकल कॉलेजों के अस्पतालों में ऑपरेशन प्रारंभ कर सकें। यह जानना चाहिए कि गत कई वर्ष से आइ बैंक सोसाइटी के अध्यक्ष श्री बी. एल. शर्मा सरकार से केरेटोप्लास्टी प्रशिक्षण के लिए अनुरोध करते रहे हैं। सुखद संकेत है कि राइट टू साइट पॉलिसी के तहत नेत्र विशेषज्ञ, सर्जन, पी जी के विद्यार्थी, काउंसलर एवं नेत्र सहायकों को भी विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। आई बैंक सोसाइटी की मांग पर राज्य के शैक्षणिक पाठ्यक्रम में भी नेत्रदान के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी देने के लिए इस विषय को शामिल किया जाएगा ताकि अंधता उन्मूलन के लिए काम करने व सहयोग देने के लिए विद्यार्थी प्रारंभ से ही प्रेरित हो सकें।

इस वर्ष नेत्रदान जागरूकता पखवाड़े के दौरान सभी समाजसेवियों तथा कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी बढ़ जाती है। सभी चेप्टर्स अपने कार्य क्षेत्र में आम जनता के बीच नेत्रदान का संदेश पहुंचाने के लिए सरकारी विभागों, निजी, औद्योगिक कार्यालयों, विश्वविद्यालयों, कॉलेजों, स्कूलों, निजी शिक्षण संस्थाओं, रेलवे स्टेशनों, बस स्टैंडों शमशान, सरकारी व प्राइवेट अस्पतालों, डिस्पेंसरियों, धार्मिक कार्यक्रमों, कथा, व्याख्यान स्थलों, मंदिरों, उपाश्रयों, विभिन्न धर्मों के साधु-संतो, पादरियों, मौलवियों, गुरुद्वारों तथा मठों आदि स्थानो पर जहां बड़ी संख्या में लोग आते रहते हैं वहां नेत्रदान का संदेश देने वाले होर्डिंग, बेनर स्टैंडीज, आदि प्रदर्शित किए जाएं। इसके अलावा गोष्ठियों सभाओं, रैलियों तथा प्रदर्शनियों नुक्कड नाटक, कठपुतली, आदि पंरपरागत संप्रेषण माध्यमों से अधिक से अधिक जनता तक नेत्रदान का संदेश पहुंचाया जा सके।

यह भी आवश्यक है राज्य सरकार प्रदेश में शीघ्र ही कोर्नियल ब्लाइंडनेस पीडितों की जनगणना कराएं ताकि पता चल सके कि इस समस्या के समाधान के लिए कार्य योजना के आकार का किस प्रकार निर्धारण किया जाए।

देश में सन् 2020 में अंधता प्रसार की दर 1 पॉइंट 1 प्रतिशत थी जिसे राजस्थान सरकार राइट टू साइट पॉलिसी के तहत 0 पॉइंट 3 प्रतिशत लाने का प्रयास करेगी। इस लक्षय की प्राप्ति में सफलता तभी मिल सकती है जब राज्य सरकार आई बैंक सोसाइटी जैसी संस्थाओं के हाथ मजबूत करे और अधिकाधिक सुविधाएं उपलब्ध कराएं।

**लक्ष्मण बोलिया**
संपादक

# नेत्रदानः दृष्टि को नई दिशा देने का महत्व



मानवता के लिए सेवा करने वाली संस्था आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान के अद्वितीय प्रयासों की बड़ी सराहना है। नेत्रदान के माध्यम से वे न दिखने वाले लोगों के जीवन में नई उम्मीद की किरणें लाते हैं। दृष्टि की महत्वपूर्णता को समझते हुए, हमें इस मानवीय कार्य का समर्थन करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। नेत्रदान के माध्यम से हम दृष्टिहीन लोगों के जीवन में नयी रौशनी लाते हैं। उन्हें समाज में समानता और स्वतंत्रता का अहसास होता है क्योंकि उन्हें अब दुनिया को देखने का मौका मिलता है। नेत्रदान का यह कार्य आत्मा में आनंद और संतोष की भावना लाता है, जो किसी और काम में नहीं पाई जा सकती।

हमारे समाज में अब भी कई ऐसे लोग हैं जिनकी दृष्टि कमजोर है और उन्हें उचित इलाज नहीं मिल पा रहा है। इसके परिणामस्वरूप, वे अपने जीवन को संकुचित महसूस करते हैं और समाज में आत्म-समर्पण की कमी महसूस करते हैं। आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान इस समस्या का समाधान करके इन लोगों के जीवन में बदलाव लाने का कार्य कर रही है। आइए, हम सब मिलकर इस नोबल कार्य का समर्थन करें और समाज में दृष्टि को नई दिशा देने में अपना सहयोग दें। आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान के संघर्ष को साकारता में बदलने में हम सभी का योगदान महत्त्वपूर्ण है।


**गोविंद गुरबानी**
सह संपादक



Donate Your Eyes.............Help Combat Corneal Blindness

EYE BANK SOCIETY OF RAJASTHAN

# Message from the President.



**Friends,**

I have great pleasure in sharing with you the latest issue of Rajasthan Netra Jyoti on behalf of the Eye Bank Society of Rajasthan Jaipur.As you are aware, we have been performing very well for the last three quarters when we were crossing more than 500 transplantable corneas every quarter. However, because of seasonal variations, in the last quarter we could not touch this figure and remained at 442 level only . I am sure in the coming months we will be able to make up for this loss. We are planning to touch a figure of giving 2000 transplantable corneas by the end of this year. I am sure with the efforts of our staff and push by the members and chapters we will touch this magic figure for the first time.

During this quarter we have been able to expand our area of operation by opening new collection centres at Bikaner and Sri Ganganagar. The centre at Sri Ganganagar has been opened in collaboration with S S Tantia Medical College and at Bikaner it is at our own. We have appointed a full time assistant manager at Bikaner to supervise work of the centres of Bikaner division and one Counsellor come technician at Bikaner and Sri Ganganagar. The Bikaner Centre has already started functioning and it has given 14 corneas in the month of August. It is a good beginning and I wish him good luck. We are awaiting a suitable candidate for Sri Ganganagar to start operations soon.

As you are aware, the government has brought out a very ambitious policy of Blindness Control to tackle the issue of corneal blindness in a systematic manner in the shortest possible time. This includes opening new collection centres by the government and through the eye bank, training more surgeons to do corneal transplant in Rajasthan so that corneas of Rajasthan can be utilised within Rajasthan. It also includes focused efforts to increase awareness especially in rural areas among masses to encourage eye donation. I am happy to share that in the recent past serious efforts have been made to execute this policy and I am very hopeful of positive results emerging soon.

In the district Dausa we are making inroads into the rural population through our community outreach program which has been organised for the last 6 months. It is making a dent and we are succeeding in removing misgivings, information gaps among the population about eye donation. It is heartening to see that the response of the population is positive. Encouraged by our work so far and based on the demand of the locals we are organising a big camp on the second of September which will also include eye testing of the people In addition to spreading awareness. Based on this initiative, we would like to replicate this model in our other chapters as well.

We are in the annual eye donation awareness fortnite and I am pleased to find that a lot of fruitful, interactive and useful programs are being organised by Jaipur and all chapters to spread the message of our mission and include more and more people into our movement. I am sure this will bring positive results. The outcome of this fortnite would be shared with you in our next issue. Till then the best of luck for a very successful Awareness fortnite.

With my Regards.

**B. L. Sharma**
President



# INAUGURATION OF NEW EYE COLLECTION CENTERS

## IN BIKANER AND SRI GANGANAGAR

**Bikaner.** On May 19th, 2023, EBSR inaugurated a new eye collection center at PBM Hospital in Bikaner. The meeting at the Collectorate Office included key stakeholders, such as Sh. Bhagwati Prasad Kalal (Collector), Ms. Tejaswani Gautam IPS (Superintendent of Police, Bikaner), Dr. P.K. Saini (Superintendent, PBM Hospital Bikaner), Dr. O.P. Saini (Forensic Department), Dr. D.S. Meena (Ophthalmic Department, PBM Hospital), and representatives from EBSR: Sh. B.L. Sharma (President), Sh. L.P. Kothari (Secretary), Sudershana Shekhawat Senior Manager EBSR, and Ramzaan (EDCT-Bikaner).

Discussions during the meeting focused on establishing the EBSR Eye Collection Center at PBM Hospital, with valuable insights and suggestions provided by the attendees from various departments.

Following the meeting, an EBSR team visited the Trauma Ward at PBM Hospital to identify a suitable location for the dedicated room for eye bank activities. After a thorough inspection, a room that meets the necessary requirements was finalized.

The Superintendent hospital and the Police Department expressed wholehearted support and assured assistance in collecting a larger number of corneas from PBM Hospital.

**Shri Ganganagar** A New Eye Collection Centre was inaugurated at Sriganganagar on June 20, 2023 marking a collaboration between SS Tantia Medical College Hospital & Research Centre and EBSR.

The event was graced by the esteemed presence of Divisional Commissioner Neeraj K. Pawan. Sh. B.L. Sharma and Sh. L.P. Kothari attended the event . Sh. L.P. Kothari shared insights into the working of EBSR during the past 22 years towards eliminating corneal blindness.


Donate Your Eyes.............Help Combat Corneal Blindness




The Deputy Superintendent (Dy.SP) and Assistant Commissioner of Police (ACP) fervently pledged their unyielding dedication to make the eye donation initiative in Sri Ganganagar the epitome of excellence. Brand ambassador Ms. Nayab Middha, a prominent YouTuber, pledged her support and committed to spread the message of eye donation among the youth through her poems and social media platforms. Two recipients of eye donation shared their personal experiences during the program. Their stories served as an inspiration and reminded everyone of the impact of eye donation in our lives.

**- Sudershana Shekhawat**
Sr. Manager, EBSR

## प्रदेश में नेत्रदान जागरूकता पखवाड़ा आई बैंक सोसायटी द्वारा 25 अगस्त से 8 सितम्बर 2023 तक मनाया जाएगा

आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान द्वारा प्रदेश में नेत्रदान के प्रति आम लोगों में जागरूकता बढ़ाने, समाज में स्वैच्छिक नेत्रदान की भावना जागृत करने तथा प्रत्येक परिवार में मरणोपरांत नेत्रदान की परम्परा स्थापित कराने के उद्देश्य से आगामी 25 अगस्त से 8 सितम्बर, 2023 तक राज्य व्यापी नेत्रदान जागरूकता पखवाड़ा मनाया जाएगा।

आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान के अध्यक्ष, पूर्व आई.ए.एस. अधिकारी श्री बी.एल. शर्मा ने बताया कि जागरूकता पखवाड़े के दौरान आई बैंक सोसायटी के जयपुर मुख्यालय सहित जयपुर से बाहर नेत्रदान का कार्य कर रहे अजमेर, जोधपुर, भीलवाड़ा, कोटा, बूंदी, झालावाड़, उदयपुर, अलवर, दौसा, श्री गंगानगर, बीकानेर आदि सहित सभी चैप्टर्स के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता लगातार सम्पर्क एवं प्रचार अभियान चलाएंगे तथा मरणोपरांत नेत्रदान के फार्म भरवाये जायेंगे। भारी संख्या में प्रचार सामग्री तैयार करवाई गई है। उन्होंने बताया कि विभिन्न जिला मुख्यालयों तथा आसपास के पुलिस थानों, विश्वविद्यालयों, स्कूलों, कॉलेजों, अस्पतालों, स्वयंसेवी संस्थाओं, छात्रावासों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, सेना, पुलिस, एनसीसी तथा जेल अधिकारियों से सम्पर्क स्थापित कर वहां के लोगों से अधिकाधिक संख्या में नेत्रदान के फार्म भरवाए जाएंगे तथा उन्हें इस कार्य के लिए स्वयंसेवक के रूप में सहयोग करने के लिए प्रेरित भी किया जाएगा।

इस पखवाड़े के दौरान जयपुर तथा अन्य प्रमुख शहरों में चातुर्मास कर रहे जैन धर्म के मूर्तिपूजक, दिगम्बर, श्वेताम्बर, स्थानकवासी, तेरापंथी आदि समाजों के प्रमुखों से सम्पर्क साध कर उन्हें अपने गुरु महाराज साहबान से व्याख्यान के दौरान आने वाले श्रावक–श्राविकाओं तथा युवाओं को नेत्रदान के महत्त्व को समझा कर राज्य में अंधता निवारण कार्यक्रम में अपना सहयोग देने के लिए निवेदन किया जाएगा। इसी प्रकार से सनातन, सिक्ख, ईसाई, सिंधी, मुस्लिम आदि समुदायों के धर्म गुरुओं से भी सम्पर्क कर नेत्रदान के प्रति जागरूकता लाने के कार्य में सहयोग देने के लिए निवेदन किया जाएगा।

## उजाले का खजाना

**जरा देखो इधर–उधर**
**ऊपर आसमान में**
**दाएं–बाएं चारों दिशाओं में**
**घुप्प अंधेरा है न सूरज है न सवेरा है**
**काली कलूटी कालिमा**
**लाठी के सहारे ठक–ठक करती**
**अकेली ही चली आ रही है**
**यहीं रोक देना अंधेरे को**
**डाल देना बेडियां पावों में**
**मांग लेना किसी के निष्प्राण तन से**
**राख होने के पहले**
**दो अदद रोशनी की परतें**
**लगा देना अंधेरे की आंखों में**
**फिर देखना रोशनी से भर जाएगा**
**अंधेरे के जीवन में उजाले का खजाना।**

**– लक्ष्मण बोलिया**

# ट्रोमा सेन्टर जयपुर में नेत्रदान जागरूकता कार्यक्रम

– श्रीमती अंजु जैन

जयपुर। 23 मई, 2023 को एसएमएस हॉस्पिटल के ट्रोमा सेंटर में नेत्रदान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। काफी संख्या में नर्सिंग स्टाफ उपस्थित था। आई बैंक सोसायटी की संयुक्त सचिव श्रीमती उषा बापना ने कहा कि अस्पताल में उपचार के दौरान रोगियों के परिजनों को मृत्युपरांत नेत्रदान कराने हेतु समझाने के कार्य में नर्सिंग स्टाफ की भूमिका महत्त्वपूर्ण है।



आई बैंक सोसायटी की सक्रिय सदस्या श्रीमती अंजु जैन ने ट्रोमा सेंटर स्टाफ के निरन्तर प्रयासों एवं मिल रहे सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि उनके सहयोग के परिणामस्वरूप मोर्चरी से 80 प्रतिशत से अधिक कॉर्निया दान में मिल जाते हैं। कॉर्निया की संख्या बढ़ाने के लिए भी श्रीमती जैन ने उपयोगी सुझाव दिये। आई बैंक सोसायटी के सहायक प्रबन्धक रामदयाल एवं ड्यूटी तकनीशियनों ने बैठक के लिए समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की।

जागरूकता कार्यक्रम में नर्सिंग किर्मयों द्वारा बहुत उपयोगी सुझाव दिए गए। सुश्री सुदर्शना शेखावत ने स्टाफ के प्रश्नों के उत्तर दिये। असिस्टेंट मैनेजर ने बताया कि ईबीएसआर टीम नियमित रूप से ट्रोमा वार्ड का दौरा करेगी। इस प्रकार आपसी समन्वय से लगातार सुधार होगा और परिणामस्वरूप दान में मिलने वाले कॉर्निया की संख्या में वृद्धि संभव होगी।

# महात्मा गांधी अस्पताल में नेत्रदान जागरूकता कार्यक्रम



जयपुर, 18 मई, 2023 को महात्मा गांधी अस्पताल में नेत्रदान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य अस्पताल के नर्सिंग स्टाफ और प्रभारियों के बीच नेत्रदान के बारे में जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम में श्रीमती अंजू जैन, श्रीमती शोनू जैन और सुश्री सुदर्शना शेखावत ने वार्ड से कॉर्निया संग्रह बढ़ाने पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने नर्सिंग स्टाफ को नेत्रदान आंदोलन में सक्रिय रूप से शामिल होने के लिए प्रेरित किया।

सत्र में नर्सिंग स्टाफ और प्रभारियों सहित कुल 90 स्टाफ सदस्यों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

एक पॉवर प्वाइंट प्रेजेंटेशन दिखाया गया जिसमें नेत्रदान के महत्त्व इसकी प्रक्रिया और किसी के जीवन पर इसके प्रभाव के बारे में जानकारी प्रदान की गई। नेत्रदान के प्रति भ्रांतियों पर भी चर्चा


Donate Your Eyes.............Help Combat Corneal Blindness

की गई तथा उनका निराकरण किया गया।

अस्पताल अधीक्षक डॉ. आर.सी. गुप्ता ने स्टाफ को संबोधित किया। उन्होंने नर्सिंग स्टाफ से अपील की कि वे अधिक से अधिक लोगों को नेत्रदान कराने के लिए प्रेरित करने का कार्य करें।

सत्र के दौरान इस कार्य में योगदान देने में रुचि व्यक्त करने वाले स्वयंसेवकों को आगे आने का अनुरोध किया गया। ये स्वयंसेवक आगे प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे और परामर्श सत्रों में शामिल होंगे। उनकी योग्यता और कौशल का लाभ दान के लिए एकत्रित होने वाले कॉर्निया की संख्या बढ़ाने में मिल सकेगा। इस कार्यक्रम में आई बैंक सोसायटी के सहायक प्रबन्धक श्री रामदयाल एवं ड्यूटी तकनीशियन श्री मुकेश उपस्थित थे, जिनके प्रयासों से यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।



## Visit of Add., Chief Secretory, Medical & Helath at EBSR Office

*Jaipur, On June 16, 2023, Mrs. Shubhra Singh, IAS, ACS, Medical and Health, along with a delegation including Dr. Ravi Prakash Mathur, Director Medical, and Dr. Anita Verma, Director Mobile Surgical Unit, visited the Eye Bank Society of Rajasthan . The purpose of the visit was to discuss the blindness policy and gain insights into EBSR's initiatives in addressing corneal blindness.*

*The meeting included esteemed individuals such as Vice President Sh. V.C. Sancheti, Secretary Sh. L.P. Kothari, and Smt. Usha Bapna, Smt. Shonu Jain, and Smt. Anju Jain. They actively contributed to the discussions on strategies, initiatives, and collaborative efforts to combat blindness and promote eye health.*

*During the meeting, Shri B.L. Sharma, President of EBSR, presented an overview of the organization's mission and objectives. The delegation gained valuable insights into the working culture of EBSR and witnessed the dedication of the members and staff involved in the collection, preservation, and transplantation of donated eyes. Key points addressed included the need to enhance cornea transplant facilities in both government and private hospitals, the training of keratoplasty surgeons, streamlining HOTA registration.*



*Mrs. Shubhra Singh appreciated the commendable work done by EBSR .She emphasized the importance of establishing a sense of community and clear working guidelines for effective implementation of the blindness policy. Mrs. Singh announced plans to issue a letter to all medical officers and collectors, urging their support for EBSR in setting up new eye collection centers and raising awareness about eye donation.The visit concluded with a shared commitment to addressing blindness in Rajasthan through collaborative efforts and strategic initiatives.*

***- Sudershana Shekhawat***
*Sr. Manager EBSR*

# कम्युनिटी आउटरीच प्रोग्राम: दौसा



दौसा। गत अप्रेल, मई व जून माह में दौसा जिले में आई बैंक सोसायटी द्वारा कम्युनिटी आउटरीच कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यशालाएं और जागरूकता शिविर आयोजित किए जिन में हमारा प्रयास यही रहा कि दौसा जिले में अधिक से अधिक लोगों तक नेत्रदान करने का संदेश पहुंचाया जा सके और समुदाय को नेत्रदान के लिए प्रेरित कर सकें। इससे जरूरतमंद लोगों को नेत्र ज्योति का लाभ मिलने में सहायता मिल सके।

हमने अलग–अलग ग्राम पंचायत स्तर पर लोगों से विशेषकर महिलाओं से बात की और इस कार्य में हमें विभिन्न संस्थाओं का भी सहयोग प्राप्त हो रहा है।

ग्राम पंचायत पापड़दा में समाजसेवी श्री भगवान सहाय मीणा के सहयोग से नेत्रदान जागरूकता शिविर आयोजित किया गया जिसमें ग्राम पंचायत के प्रभावशील लोगों ने भाग लिया। उन्होंने आश्वस्त किया कि नेत्रदान के इस कार्य में हम आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान का हर संभव सहयोग करने के लिए तत्पर हैं।

आजीविका मिशन द्वारा निरंतर स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के साथ जीवन कौशल विकास कार्य किया जाता है। हमने



उनके साथ मिलकर इन कौशल विकास शिविरों में महिलाओं से नेत्रदान की बात की। इसके अंतर्गत ग्राम मतवास एवं बुटोली में आयोजित कार्यशाला में शामिल होकर नेत्रदान के लिए उन्हें संदेश दिया। उनमें व्याप्त सभी भ्रांतियों को दूर करने की कोशिश की गई। जागरूकता के लिए फिल्म और प्रिन्टेड सामग्री भी उपलब्ध करवाई गई। जीवन धारा संस्था स्वयं एक समाजसेवी संस्था है जो महिला उद्यमिता पर दौसा में कार्य कर रही है। श्री शिवचरण शर्मा सुपरवाइजर के सहयोग से ग्राम सरपूरा, लालपुर एवं नेवर में नेत्रदान के बारे में उनके शिविरों में उपस्थित हो कर समुदाय के लोगों को बताया गया।

इन शिविरों में आसपास के कुछ अन्य गांवों के भी लोगों को नेत्रदान के बारे में जागरूक किया गया। आई बैंक के माध्यम से लोगों में नेत्रदान की भावना को बढ़ावा देने और इस संबंध में संपूर्ण जानकारी देकर उनके द्वारा पूछे गए सभी प्रश्नों का उत्तर देकर उनका समाधान किया। लोगों में नेत्रदान की भावनाओं को बढ़ाने और जानकारी देने में दौसा में नियुक्त परियोजना अधिकारी श्री पवन कुमार राजोरिया ने इन शिविरों के माध्यम से लोगों में नेत्रदान के प्रति व्याप्त भ्रांतियों को दूर करने का पूरा प्रयास किया गया है। वे ग्राम पंचायत क्षेत्र में जाकर वहां के जनप्रतिनिधियों के सहयोग से इस प्रकार की कार्यशाला आयोजित करने का निरंतर प्रयास करते हैं।

ग्राम रानी का वास में वार्ड सदस्य प्रहलाद मीणा एवं गोकुल मीणा की सहायता से नेत्रदान जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। उन्होंने नेत्रदान के कार्य की सराहना की और समाज के हित में निरंतर इसमें अपना सहयोग देते रहने का विश्वास दिलाया। परियोजना सहायक श्री भरत कुमार ने भी दौसा में कार्य ग्रहण कर लिया है वे भी श्री राजोरिया के साथ मिलकर नेत्रदान जागरूकता कार्य में सहयोग कर रहे हैं।

इस दौरान यह देखा गया कि समाज में अभी तक नेत्रदान




के बारे में किसी भी प्रकार की कोई जानकारी नहीं है। वे अभी भी यही समझते हैं कि पूरी आंख निकाली जाती है जिससे चेहरा खराब होने की पूरी आशंका रहती है। इस भ्रम को दूर करने के लिए उन्हें उदाहरण देकर समझाया गया तथा उनके मन में व्याप्त भ्रांतियों को दूर करने की भरसक कोशिश की गई है। इस प्रकार के प्रयास निरंतर जारी रहेंगे ताकि दौसा से अधिक से अधिक नेत्रदान करवाने में सफलता मिल सके।

**उषा बापना**
**परियोजना प्रभारी एवं अतिरिक्त सचिव ईबीएस आर**

# 'राइट टू साइट पॉलिसी' से अंधकार में जीवन जी रहे 3 लाख लोगों की जिन्दगी में आएगा उजाला

राजस्थान सरकार ने प्रदेश में कॉर्निया की खराबी के कारण अंधकार मे जीवन यापन करने वाले लगभग तीन लाख लोगों के जीवन मे उजाला लाने के लिए राइट टू साइट पोलिसी लागू करके एक अनूठी पहल की है।

भारत में सबसे पहले राजस्थान सरकार द्वारा लागू इस पॉलिसी के तहत सरकार धीरे धीरे सभी जिलों में कॉर्निया सर्जरी की सुविधा का विस्तार करेगी। इसके लिए अस्पतालों तथा अधिकृत आई बैकों द्वारा कोर्निया प्राप्त करने तथा जरुरतमंद लोगों की आंखो में कॉर्निया ट्रांसप्लांट करने आदि से संबंधित उपकरण आदि के लिए 10 करोड रूपये भी स्वीकृत किये हैं।

सरकार ने अधिकाधिक लोगों को अंधकार से मुक्ति दिलाने की इस पोलिसी से लाभान्वित करने के उद्देश्य से योग्यता धारी डाक्टर्स को तीन माह का केरेटोप्लास्टी सर्जरी का प्रशिक्षण देना प्रस्तावित किया है।

12509 को मिली रोशनी : आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान के अध्यक्ष बी.एल. शर्मा के अनुसार वर्ष 2002 से अब तक 19390 कॉर्निया कलेक्शन में से 12509 दृष्टिबाधितों को रोशनी मिली है। उपयोगिता दर करीब 64 फीसदी है। ये ही नहीं राजस्थान में डोनेट कॉर्निया से दिल्ली, मुम्बई, हरिद्वार, लखनऊ सहित कई प्रदेशों में लोगों को रोशनी दी है।

### यह सब कुछ जो आप जानना चाहते हैं

- राइट टू साइट पॉलिसी के तहत नेत्र विशेषज्ञ– सर्जन, पीजी के विद्यार्थी, काउंसलर्स एवं नेत्र सहायक को विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। अंधता नियंत्रण सम्बन्धी शिक्षण व मरीजों के लिए जन–जागरूकता अभियान चलेगा और तकनीकी सुधार के सम्बन्ध में गतिविधियां होंगी।
- नेशनल प्रोग्राम फॉर कंट्रोल ऑफ ब्लाइंडनेस के अनुसार देश में 2.5 लाख कॉर्निया की जरूरत है। वहीं डोनेट करने वाले 45 हजार हैं। वहीं दृष्टिबाधितों की संख्या 25 हजार सालाना है, जो बढ़ती ही जा रही है।
- देश में वर्ष 2020 में अंधता प्रसार दर 1.1% थी। राजस्थान में राइट टू साइट पॉलिसी के तहत 0.3% तक लाने की दिशा में कार्य किया जाएगा।
- कोरोना महामारी के दौरान देश में करीब सवा करोड़ केटरेक्ट सर्जरी का बैकलाग है। इस साल जनवरी से अब तक 83 लाख सर्जरी की जा चुकी है। देश में हर साल 60 से 65 लाख सर्जरी होती है।
- विश्व नेत्रदान दिवस हर साल 10 जून को मनाया जाता है।

# दृष्टिबाधित पुत्र ने पिता का नेत्रदान करवाया



उदयपुर। गत 19 अप्रेल को श्री राकेश पोरवाल ने अपना हृदय कमजोर होते हुए बच्चों द्वारा अपने पिता श्री का नेत्रदान करवाकर अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया है । काफी समय से श्री राकेश जी बिमारी से परेशान थे। छोटे पुत्र सचिन कक्षा 8 की पढ़ाई करते हुए अचानक नेत्र की रोशनी चली गई। आगे की पढ़ाई राइटर के साथ ब्रेल लिपि की सहायता लेते हुए NALSR विश्वविद्यालय, हैदराबाद से विधि में LLB की पढ़ाई जारी रखे हुए हैं , स्वयं नेत्रहीन होकर नेत्र की अहमियत समझ कर पिताजी का नेत्रदान करवा कर समाज के लिए एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। समाज को इससे प्रेरणा लेनी चाहिए तथा बड़ा पुत्र श्री अंशुल सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग की पढ़ाई गुड़गांव से जारी रखे हुए हैं।

ईश्वर से कामना करते हैं कि दुख की इस घड़ी में परिवार को संबल और सहन करने की क्षमता प्रदान करावे।

**सूरजमल पोरवाल**
**अध्यक्ष, उदयपुर चैप्टर**

# *Awareness Program in Time Bank, Jaipur*

*Jaipur, A awareness program was conducted on June 9, 2023, for interns of TIME Bank at Shyam Nagar. Around 25 members attended the program. Ms. Deepali Bhargav provided a brief presentation on EBSR working, while Ms. Sudershana Shekhawat presented a PowerPoint on various aspects of eye donation, including who and why to donate eyes. The program was organized by Mr. Ashok Jain, Admin of Time Bank (code 302020)and 8 admins of other pin code were also present there. Mr. Jain encouraged the interns to allocate time to promote eye donation activities and dispel taboos surrounding eye donation.The students were asked to promote eye donation while they meet senior citizens and other people.*

**आई बैंक सोसायटी की ओर से नेत्रदानी परिवारों को उनके घर जाकर या श्रद्धांजिल सभाओं में नेत्रदान के महान कार्य में उनके योगदान की स्मृित स्वरूप प्रमाण पत्र व अन्य सामग्री भेंट की जाती है।**





## दान में प्राप्त कॉर्निया

| माह | कॉर्निया संग्रहण | कॉर्निया प्रत्यारोपण | प्रत्यारोपण उपयोगिता दर |
|---|---|---|---|
| अप्रैल | 264 | 171 | 64% |
| मई | 198 | 134 | 67% |
| जून | 222 | 137 | 61% |
| कुल संख्या | 684 | 448 | 65% |




रोटरी क्लब के सहयोग से पौधारोपण करते हुए।



महात्मा गांधी हॉस्पिटल में नेत्रदान की जानकारी देने व फार्म भरवाने के लिए हैल्प डेस्क स्थापित किया गया है। काफी संख्या में यहाँ पर लोग आकर जानकारी प्राप्त करते हैं।

## अप्रैल से जून 2023 की तिमाही में जिन 454 लोगों को कोर्निया प्रत्यारोपित किये गए उनमें से कुछ लाभार्थियों के चित्र प्रकाशित किये जा रहे हैं।


सानिया
जयपुर


हरीराम
भरतपुर


पार्वती देवी
जयपुर


बिन्दू बाई
गंगापुर


मदनलाल
टोंक


लाड बाई
दौसा


सीताराम
झुंझुनूं


तोफीका बानो
करौली


रामप्रसाद
दौसा


नमोनारायण
करौली


भूरी देवी
जयपुर


मखन लाल
जयपुर



गोपीराम
जयपुर



संतोष कुमार
करौली



वाजीद
भरतपुर



देवा सुखवानी
जयपुर



बाबूलाल
जयपुर



मेजर सिंह
हनुमानगढ़



अब्दुल गनी
जयपुर



किशनलाल
झालावाड़



हवा सिंह
झुंझुनूं



अब्दुल रसीद
जयपुर



आशा राम सैनी
दौसा



मेहर चन्द
अलवर

# नेत्रदाताओं की सूची

## अप्रैल 2023

| नाम | पता |
|---|---|
| भारती | सादर सीकर |
| राजकुमार टॉक | सुरजपोल गेट, जयपुर |
| पुष्पा देवी | बजाज नगर, जयपुर |
| माल चन्द गर्ग | सिटी रोड, किशनगढ |
| सुरेन्द्र सिंह | शिवाजी नगर, कच्ची बस्ती, जयपुर |
| ईश्वर लाल | लक्ष्मी नगर, जयपुर |
| गोपाल | कोटा मार्ग, मालपुरा टोक |
| प्रेणा मेगलानी | सुरज मण्डी के सामने राजपार्क, जयपुर |
| वरिन्दु शर्मा | विलवाल जिला, जम्मू कश्मीर |
| मनमोहन सिंह | प्रितमपुर नीम का थाना, सीकर |
| कान्ता देवी | हीरापथ, मानसरोवर जयपुर |
| अशोक कुमार जैन | प्रतापनगर, कोटा |
| किशन मित्तल | गोल्डन शोभागय, जयपुर |
| सुन्दर बाई | काननगर उदयपुर |
| समता जयदीया | खोखकर गन्ज नेहरू गेट ब्यावर |
| लक्ष्मी कान्त | रेनी अलवर |
| प्रसादी लाल | राजगढ, अलवर |
| रेशी मित्तल | मालवीय नगर, जयपुर |
| दिनेश बोहरा | प्रताप नगर, पोस्ट ऑफिस जोधपुर |
| नेपाल सिंह | करौली, राजस्थान |
| सुनीता | माली कोठी रोड जयपुर |
| रमला आहुजा | बजरंग नगर, कोटा |
| माया देवी | तलवंडी आई अस्पताल कोटा |
| शिव कुमार गुप्ता | जयपुर |
| विजय कुमार | गोवर्धन, यूपी |
| पुरुषोतम | कालवाड रोड, जयपुर |
| संजय | किला मोहल्ला, रामगढ, अलवर |
| वन्दना | प्रताप नगर, अजमेर |
| मोहन बाई | बिलसाली रोड, झालावाड |
| विनोद कुमार अग्रवाल | पानचील नगर, अजमेर |
| राकेश सिंह | टोडारायसिंह, टोक |
| राकेश | चॉदपोल, जयपुर |
| पवन कुमार | मूललेसर सादरसर, चौमू |
| श्याम लाल | बलाईयो का मौहल्ला, जयपुर |
| मुकेश सैनी | रामगढ शेखावाटी, सीकर |
| कमला देवी | नई बजरंग कॉलोनी, विजयनगर |
| निरंजन प्रकाश गुप्ता | तलवंडी कोटा |
| मनोज | बून्दी |
| मनीराम | बॉरा, हनुमानगढ |
| कमलेश | जयपुर |
| ईश्वर चन्द | रामपुर कोटा |
| प्रेम चन्द | श्री गंगानगर |
| प्रकाश रावराजवानी | प्रताप नगर जयपुर |
| देवीका | टोडाभीम करौली |
| गीता देवी | रेनवाल जयपुर |
| भागचन्द | अजमेर |
| विजय दान | जगदीशपुरा प्रताप नगर नागौर |
| हरी किशन | मीणो की ढाणी भवानी मण्डी |
| भवानी | अलवर |
| राजेश | मथुरा यूपी |
| मेहन्द्र प्रसाद जैन | तलवंडी कोटा |
| दिलीप | सिंहडोला सीकर |
| राम सिंह | डीगी मालपुरा |
| रामजी लाल | कानौता जयपुर |
| विक्की | किशनपोल बाजार जयपुर |
| साहिल बाला सक्सेना | गोर्वधनपुर कोटा |
| दिलीप कुमार | देवानिया टोक |
| केशव लाल जैन | वीरपुर उदयपुर |
| विलम कुमार जैन | प्रताप नगर जयपुर |
| अक्षय जैन | वैशाली नगर जयपुर |
| रामजानकी बाई गुप्ता | झालाना जयपुर |
| आशु शर्मा | गणगौरी बाजार जयपुर |
| हेमराज सैनी | टोंक |
| रामाकान्त | नागपुर कॉलोनी धौलपुर |
| माया | हनुमानगढ |
| जयराम सिंह रावत | पुराना बागंवा अजमेर |
| महावीर सिंह रावत | शिव कॉलोनी हीरा नगर अजमेर |
| डी.के. जैन | नेहरूपार्क जोधपुर |
| शान्ति लाल काबरा | व्यास कॉलोनी भीलवाडा |
| ओम प्रकाश जैन | लालपुरा कोटा |
| हुकमचन्द्र गंगवाल | ज्योति नगर अजमेर |
| ओमप्रकाश बैनीवाल | सोबारा की गली अजमेर |
| तेज सिंह राठौड | दुर्गा कॉलोनी चन्द्रवाबाई नगर अजमेर |
| कमला देवी | सीतापुरा कोटा |
| सुचल दास | जयपुर |
| दौलत राम | खेटियाला जावास |
| राकेश परवाल | केशव नगर उदयपुर |
| कुलदीप | लालसोट दौसा |
| रोहिताश | हनुमानगढ |
| गौरव गुप्ता | आदर्श नगर जयुर |
| विमला देवी जैन | संजय कॉलोनी जयपुर |
| गुलजारी लाल बौहरा | काबरा गली भोपालगंज, भीलवाडा |
| सुरज बहन टाकर | कोटा रोड बॉरा |
| राजेश कुमार बैरवा | कल्याणी पुरा अजमेर |
| फूल कँवर राठी | महादेव मन्दिर, अजमेर |
| जोगेन्द्र सिंह | एनबीसी रोड हसनपुरा जयपुर |
| प्रेम चन्द्र सैनी | गणेश नगर, झोटवाडा, जयपुर |
| कान्ता देवी भाटी | नई हाउसिंह बोर्ड शास्त्री नगर भीलवाडा |
| मधु जिन्दल | अजय नगर कोटा |
| करन सिंधवी | शास्त्री नगर जौधपुर |
| गुलाब चन्द माली | पुलिया सीएचबी जौधपुर |
| नरेन्द्र सिंह | नावां नागौर |
| विरपन | गिरीन नगर जयपुर |
| किशन कुमार | कोठी बानसुर |
| धीरेन्द्र मेहता | लिंक रोड वल्लभ भाई कोटा |
| जगदिश मराठा | खातीपुरा कोटा |
| रवि मायूसरा | चम्बलगढ कोटा |
| शशी भण्डारी | कमला नेहरू नगर जौधपुर |
| हरिश | फिरोजपुरा |
| सुमन शेखावत | रामचन्द्र कॉलोनी अजमेर |
| शांति देवी | सागानेर जयपुर |
| गोविन्द गोयल | तलवंडी कोटा |
| रघुवीर सिंह | निमच एमपी |
| विजयपाल शर्मा | श्री माधोपुर सीकर |
| रामअवतार | महेश नगर जयपुर |
| शान्ति सैन | झोटवाडा जयपुर |
| सुग्रीव कुमार मीणा | बस्सी जयपुर |
| कलावन्ती वाडवानी | भवानी सिंह रोड सी स्कीम जयपुर |
| प्रहलाद साह | सवालापुर नीम का थाना |
| सुरभी जागिड | भवानी मण्डी नागौर |
| नन्द किशोर शर्मा | जवारामगढ जयपुर |
| कमला सिन्हा | श्याम विहार अजमेर रोड जयपुर |
| सुभम दिक्षित | ब्रहमपुरी जयपुर |
| मगनेश | अजमेर रोड जयपुर |
| महेन्द्र सिंह | जयपुर |
| अल्का जम्मद | मितरा निवास कॉलोनी किशनगढ |
| जया जैन | प्रताप नगर उदयपुर |
| सुनील अग्रवाल | प्रताप नगर टोक रोड जयपुर |
| दर्शत मण्डल | प्रताप नगर जयपुर |
| सोनू ओझा | प्रताप नगर जयपुर |
| नीतीन सोमानी | सिन्धी कॉलोनी बनीपार्क जयपुर |
| सुन्दर देवी चौधरी | बंसत विहार कॉलोनी जयपुर |
| सुनीता जी कोठारी | बापू नगर भीलवाडा |
| सचिन कुमार | जयपुर |
| किशन भाटी | जनगन थोडी जयपुर |
| रोहिताश पारिक | माधोपुर सीकर |
| तेयूब | जयपुर |
| दीपक | भरतपुर |
| विनायक कोशिर | अजमेर रोड जयपुर |
| गुलाब देवी | मोहन का बाग सांगानेर जयपुर |
| गुलाब देवी कुमावत | शान्ति पुरा अजमेर |
| सुशीला देवी जैन | अग्रसन नगर किशनगढ |

## मई 2023

| नाम | पता |
|---|---|
| राकेश अग्रवाल | बडी चोपड, जयपुर |
| शालिनी अग्रवाल | जामडोली, जयपुर |
| अर्पित | हवामहल बाजार, जयपुर |
| गीता बाई भण्डारी | स्टेशन रोड भवानी मण्डी |
| रामपाल | मनकिया बाजार, भीलवाडा |
| दीप्ती जैन | आर.के.पुरम, कोटा |
| कोशल्या देवी | मुरलीपुरा, जयपुर |
| मुखराम | मनडाली, करौली |

# नेत्रदाताओं की सूची

| | |
|---|---|
| भंवर सिंह | बंजरग वाटिका, जयपुर |
| ममता शुकला | इन्द्रा कॉलोनी किशनगढ, अजमेर |
| वैशाली अम्मा | बाल मन्दिर स्कूल, कोटा |
| अशरफी देवी | मुसावर, भरतपुर |
| प्रकाश चन्द्र हीरावत | भवानी सिंह मार्ग, जयपुर |
| राजकुमार मन्दवानी | गुरूनानक कॉलोनी, बुन्दी |
| नारायण गुप्ता | सिटी रोड, रोजा रेस्टोरन्ट, कोलकाता |
| रितेश कुमार अग्रवाल | आजाद नगर किशनगढ अजमेर |
| कैलाश चन्द्र मुनदारा | आर्दश मोहल्ला भीलवाडा |
| कान्ता देवी | गिरीन कोडीया, बुन्दी |
| ज्ञान कंवर | बालीपुरा रोड, सीकर |
| कालू राम गुर्जर | फुलेरा, जयपुर |
| रामनिवास मीणा | शिवदासपुरा चॉकसू, जयपुर |
| किशन लाल | सरदार शहर जिला चूरू |
| कैशराम मीणा | माशापुर, करौली |
| नंनी देवी | रतनगढ चुरू |
| संदीप मदान | राजापार्क, जयपुर |
| गौतम | हालाना, भरतपुर |
| शिव नारायण लाकोठीया | चुरभुजनाथ केकडी |
| धन्ना लाल जांगिड | नागौर |
| भवर लाल रैगर | श्रीमाधोपुर, सीकर |
| वर्षा परवानी | हरीओम नगर |
| सविता वर्मा | अजमेर रोड सोडाला, जयपुर |
| उतम चन्द्र सैनी | भरतपुर |
| ओम प्रकाश मेघवाल | किशनगढ, अजमेर |
| फतेह सिंह जैन | निमच एमपी |
| रमेश खण्डेलवाल | तलवंडी कोटा |
| पानी देवी रावत | किशनापुरा मोहल्ला रैगर किशनगढ |
| चिरोज देवी | सत्यमपुर भरतपुर |
| धर्मेन्द्र सिंह | आगरा, यूपी |
| विजय वर्मा | कुमावत कॉलोनी अजमेर रोड, जयपुर |
| राजेश योगी | हिण्डोन सिटी, करौली |
| अनिल भटनागर | मानसरोवर, जयपुर |
| देवीकरण महावर | लालसोट,दौसा |
| कुलदीप सिंह | जमवा रामगढ, जयपुर |
| दिनेश जैन | बाल मन्दिर स्कूल माला रोड |
| किशनलाल | विजय नगर कोटा |
| प्रकाश महावर | रोडी पाडी मोहल्ला, दौसा |
| जगदीश बैरवा | महुआ मंडावर दौसा |
| शिवकुमार तेलरा | अतुल का दरवाजा कुचामन सिटी |
| जहीर खान | प्रतापविहार ,अलवर |
| भगवानदास गोयल | शिवाजी नगर, किशनगढ |
| शान्ति देवी | शक्ति नगर कोटा |
| पांचूराम मीणा | अलवर |
| सुमेर सिंह | किशनगढ |
| गोपाल लाल वैष्णव | किशनगढ |
| हजारी लाल जायसवाल | आर्दश चौराहा भवानीमण्डी |
| सियाराम शर्मा | मथुरा, यूपी |

| | |
|---|---|
| नितिन शर्मा | जगतपुरा जयपुर |
| सीताराम माहावीर | माहावीर मौहल्ला सांगानेर, जयपुर |
| विमला राम | करवाडा उदयपुर |
| पुरन दास | सत्यनाराण मार्ग माहवर |
| वीरमाती देवी | कोटपुतली जयपुर |
| प्रेम देवी | पुष्कर अजमेर |
| सुभम जैन | रामगढ कोटा |
| टिकम चन्द्र राठौड | रामगंज मण्डी, कोटा |
| भुरा सिंह | मथुरा |
| तमन्ना देवी | हिण्डोन सिटी करौली |
| तीरशना | कोटा |
| कार्तीक सिगानीया | नगर पालिका जयपुर |
| मनोज कुमार वर्मा | नया नोहरा कोटा |
| संतोष रावत | एमपी |
| शान्ति बाई गुप्ता | माली मोहल्ला एमपी |
| कामदेव | ब्रहमपुरी जयपुर |
| कैलाश चन्द्र | केमाला, कोटा |
| धर्मी चन्द्र जैन | आजाद नगर किशनगढ |
| रधुवीर | हरीयाणा |
| प्रकाश प्रताप | झोटवाडा, जयपुर |
| काली बाई | भवानी मण्डी |
| ओमप्रकाश मण्डारा | आरसी वियास कॉलोनी भीलवाडा |
| रतन लाल जाट | किशनगढ, अजमेर |
| नवीन प्रकाश श्रीवास्तव | नवीन रोड जयपुर |
| सत्यनारायण अग्रवाल | अजमेर रोड जयपुर |
| बिरबल सैनी | नीम का थाना, सीकर |
| रतन बाई जैन | तलवंडी, कोटा |
| रतनेश | फिरोजाबाद यूपी |
| भीरमा कंवर | जगमलपुरा, जयपुर |
| रीचपाल सिंह | डीडवाना नागौर |
| मोहीनी देवी | कोटा |
| पुष्पा देवी | हाउसिंह बोर्ड कॉलोनी ब्यावर |
| नोरती देवी मैगवाल | रियावाडी नागौर |
| लोकेश सिंह | नदबई भरतपुर |
| लाला राम मीणा | दोहरा करौली |
| अविनाश चौधरी | जयपुर |
| भुरे लाल गुर्जर | नारायणपुर अलवर |
| सतीश कुमार माली | लखनपुर भरतपुर |
| विनीता देवी रावत | देवगढ, पाली |
| शितल कलौरिया | थाना सदर, जयपुर |
| ब्रिजमोहन रैगर | झोटवाडा, जयपुर |
| विश्वाश भादुर | लालाकोठी, जयपुर |
| प्रवीण सिंह रावत | रायपुर, पाली |

## जून 2023

| | |
|---|---|
| राजकुमार जैन | धौलपुर हाउस, आगरा यू.पी. |
| विशाल कुमार अग्रवाल | दुर्गापुरा नगर गली न. 02 कोटा |
| सुरेश सैन | चरकी गली, अजमेर |

| | |
|---|---|
| राजेश देव | जखरा जिला, अलवर |
| मोहन लाल सोनी | जगतगढ, नागौर |
| नरेश कुमार बैरवा | गंगापुर सिटी, सवाई माधोपुर |
| कमलेश रावत | खाजपुर, नसीराबाद, अजमेर |
| सुरेश गिरिजा | गुरूकुलधाम, कोटा |
| नेमी चन्द्र जैन | वलभ भाई मार्ग, कोटा |
| बनसारी देवी | जयपुर |
| देसराज बैरवा | श्रीपुरा थाना, बून्दी |
| मुकेश | रामगंज बाजार मधु मार्केट, |
| सन्ता देवी | डेगा, भरतपुर |
| अमर सिंह रावत | श्रीनगर अजमेर |
| सहाय देव गौतम | चान्दपोल बाजार, जयपुर |
| कृष्णा सिंह | विराट नगर, भरतपुर |
| रामअवतार नागर | तालवास, बून्दी |
| उमा देव सैनी | नटराज सिनेमा स्टेशन रोड, कोटा |
| दूदाराम लुहार | यादवो की कोठरी, भीलवाड़ा |
| हजारी राम | पुटका नगर, भरतपुर |
| किरण वर्मा देवी | हिम्मत नगर टोक रोड, जयपुर |
| भुपेन्द्र सिंह | जदन नगर, बून्दी |
| किशन दत्त व्यास | पुराना बाजार, केकड़ी |
| ब्रिजेश कुमार जहलिया | पहाडागंज, अजमेर |
| दिनेश बैरवा | सवाई माधोपुर |
| सागर कोशिक | विराट नगर, जयपुर |
| राम नारायण राजोरिया | कल्याण नगर खातीपुरा, जयपुर |
| दिनेश | जयसिंह पुरा खोर, जयपुर |
| भगवान दास सैनी | प्रताप कॉलोनी, भरतपुर |
| भगवान सिंह | भरतपुर |
| भगवती खातवानी | बनी पार्क, जयपुर |
| राजकुमार | पुरानी बस्ती चिडावा, झुंझुनु |
| अंकित | उयपुर वाटी, झुंझुनु |
| कमला बाई | शिला चौका, बांरा |
| परमान्द राठौड | ग्राम पोस्ट, बून्दी |
| मोहन सिंह रावत | श्रीनगर, अजमेर |
| रवि कुमार | वाल्मिकी बस्ती, झुंझुनु |
| शिवा शिव जिलेन्द्र | किशनपुरा, कोटा |
| सुरेश चन्द्र | मिल्कीपुरा सोडाला, महुआ |
| बागचन्द्र यादव | मोती नगर |
| मलेश देव शेखावत | सरदार कॉलोनी विजय नगर, कोटा |
| दिपक शिकान्त | शास्त्री नगर, जयपुर |
| दंत नागार | गुलाब पुरा, भीलवाडा |
| मनोरमा जैन | रामगंज मण्डी |
| विशाल डांगी | सुखेर उदयपुर |
| पाचूलाल सैनी | बडी चापडाप पंचायत बून्दी |
| वन्दना मीणा | टोडाभीम, करौली |
| सरोज देवी | लक्ष्मणगढ, अलवर |
| अजय कुमार झुंनझुनवाला | चूरूराम दास नगर, लक्ष्मी नगर |
| ममता मीणा | जमवारागढ, जयपुर |
| सत्यवीर | मधुवाडा, भरतपुर |

# नेत्रदाताओं की सूची

| | |
|---|---|
| कालू | रामगढ, अजमेर |
| धरीप खण्डेलवाल | विनायक विहार जामडोली जयपुर |
| राम जानकी देवी | निवाई टोंक |
| प्रदीप प्रजापत | भेरू मन्दिर गुरू घाटी अजमेर |
| कलावन्ती देवी | ज्योति नगर जयपुर |
| साधना | बेसुरा अलवर |
| रामचन्द्र बेरवा | टोडाभीम, करौली |
| राजेन्द्र प्रजापत | माखूपुरा, अजमेर |
| राजू खेरवाल | वैशाली नगर, अजमेर |
| अनिरूद सिंह | वैशाली नगर, जयपुर |
| गायत्री देवी | नेहरू रोड, जयपुर |
| सुरेश कुमार जैन | कुण्डा रोड, जयपुर |
| प्रेम चन्द्र | रामपुरा, कोटा |
| राजकुमार जैन | अनुप नगर, अजमेर |
| गायत्री नाटानी | प्रेम नगर आगरा रोड, जयपुर |
| पवन साहु | मीणापालडी, जयपुर |
| बरादा सिंह रावत | अजमेर |
| नाटरवानी बालोनी | रातानाडा, जोधपुर |
| शंकर मीणा | इन्द्रा कॉलोनी, मालपुरा, टोक |
| तुलसी देवी | दौसा |
| राम किशन | आयोध्या नगर धौलाभाटी, अजमेर |
| सरोज बेरवा | इन्द्रा विहार कोटा |
| पवन | बस्सी जयपुर |
| सोनम प्रजापत | टाईगर कॉलोनी देहली रोड अलवर |
| सुलतान | जयपुर |
| देवेन्द्र कुमार | टोडाभीम, करौली |
| प्रिती | चलयानपुर, चमेलीपुरा |
| सौरभ भटनागर | विवेक विहार कोटा |
| मंजू संत | पिपली चौराहा विजय नगर |
| विजेन्द्र कुमार प्रजापत | बिजकारी, अलवर |
| गौरी शंकर | पानी के टंकी के पास भरतपुर |
| सुधीर सिंह | बिलालपुर आगरा |
| पप्पू | गोर्वधनपूर, टोंक |
| मनीष रैगर | रैगरो की गली सांगानेर, जपयुर |
| राकेश चन्द्र | सरकारी स्कूल के पास, ब्यावर |
| हरी सिंह | पोस्ट पंचगॉव, धौलपुर |
| नरेश कुमार | वैशाली नगर, जयपुर |
| श्री नाथ जी | बालाजी नगर, बाँरा |
| बाबूलाल | चौकी रवी ढाणी, जयपुर |
| महावीर | पिपलू, टोंक |
| गुरमीत | वृन्दा कॉलोनी, विजयनगर |
| विक्रम कुमार प्रजापत | सेन्दरा, ब्यावर |
| उमेश नागपाल | खुशी विहार, जयपुर |
| भगवती देवी | रेवाडी, हरीयाणा |
| गोपाल बैरवा | टोडाभीम, टोक |
| राजकुमार जैन | कोटा |
| पुरनी बालाजी | मण्डावर, दौसा |
| रतन | जयसिंहपुरा खोर, जयपुर |
| राम भरती बाई | सुरभी मण्डी, कोटा |
| निर्मल कुमार जैन | मोहन नगर, कोटा |
| लालू | मगोल, प्रतापगढ |
| रोशन लाल | आंधी, जयपुर |
| सुनील जाट | देव नगर, फांगी |
| राजीव भण्डारी | हवा महल, जयपुर |
| अंकित कुमार सैनी | महुआ, दौसा |
| विजय लक्ष्मी | जवाहर नगर, जोधपुर |
| बहादुर सिंह | विजयनगर कॉलोनी, भरतपुर |
| विकास जॉगिड | नारायण विहार सांगानेर, जयपुर |
| रामलाल | सिंधी कॉलोनी, रामगंजमण्डी |
| संतोष पॉचाल | मारूती कॉलोनी, दौसा |

# List of Financial Donation

## April to June 2023

| S.No. | Name | Amount (In Rs.) |
|---|---|---|
| 1. | Smt. Vijay Laxmi Ranka | 31,000/- |
| 2. | Smt. Anita Vaidya | 21,000/- |
| 3. | Justice J. K. Ranka | 21,000/- |
| 4. | Shri Bal Krishan Zutshi | 20,000/- |
| 5. | Shri Ram Ballabh Sharma | 11,000/- |
| 6. | Shri Kuldip Singh Chhokar | 10,000/- |
| 7. | Smt. Sobhana Bohra | 10,000/- |
| 8. | Shri S. C. Derashri | 5000/- |
| 9. | Smt.Mridula Dugar | 3,000/- |
| 10. | Smt. Anjali Vyas | 2,500/- |
| | TOTAL | 1,34,500/- |

# पाठकों से निवेदन

"राजस्थान नेत्र ज्योति के पाठकगण से विनम्र अनुरोध है कि पत्रिका को और अधिक रोचक बनाने हेतु नेत्रदान से सम्बन्धित समाचार, कविता, लेख एवं चित्र इत्यादि भेजकर अपना योगदान करें।"

# नेत्रदान करना हुआ अब आसान

**नेत्रदान संकल्प के लिए आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान की वेबसाईट : www.ebsr.in को लॉग इन कर Apply Now पर क्लिक कर नेत्रदान संकल्प पत्र भर कर नेत्रदान कर सकते हैं।**

## सही समय पर सही फैसला किसी की जिन्दगी रोशन कर सकता है। नेत्रदान के लिए हमें बस एक कॉल कीजिये।

ONE CALL DOES IT ALL

EYE BANK SOCIETY OF RAJASTHAN

**HELPLINE 18002020388**

## आइये, नेत्रदान को परिवार की परम्परा बनायें।


EYE BANK SOCIETY OF RAJASTHAN

**आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान**

मोबाइल सर्जिकल यूनिट कैम्पस, मोती डूंगरी रोड, जयपुर - 302 004

फोन - सचिव : 98292 14013, मैनेजर : 85599 00955, असि. मैनेजर : 85599 00956, 0141-260 4117

E-mail : ebsr_jp@hotmail.com

JAIPUR • UDAIPUR • JODHPUR • AJMER • KOTA • BHILWARA • PALI • ALWAR • BUNDI



स्वत्वाधिकारी आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक, अशोक भंडारी द्वारा पॉपुलर प्रिन्टर्स, जयपुर एवं आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान, मोबाइल सर्जिकल यूनिट कैम्पस, मोती डूँगरी रोड, जयपुर - 302004 द्वारा प्रकाशित

सम्पादक: लक्ष्मण बोलिया, सह संपादक: गोविन्द गुरबानी

Website : www.ebsr.in; Face book : fb/eyebanksocietyofraj; Youtube : Eye Bank Society of Rajasthan (EBSR)